सुविचार

जीवन के कुछ पल ऐसे होते है जो व्यक्ति के जीवन के आधार होते है।

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 126 ● मुंबई, शुक्रवार 03 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●

## चित्तौड़गढ़ जिले में थाना राशमी पुलिस के कार्रवाई

# 66 लाख कीमत का 440 किलो अवैध डोडा चूरा सहित स्कार्पियो गाड़ी जब्त की

● पदमावत मीडिया

**चित्तौड़गढ़** । जिले की राशमी थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक स्कोर्पियो से 4 क्विंटल 40 किलो 695 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 66 लाख रुपए है। नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे तस्करों का पीछा करने पर बरसाती नाले में पलटी खाने के बाद स्कॉर्पियो में सवार दोनों तस्कर अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले के समस्त थानाधिकारियों को अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में एएसपी सरीता सिंह व डीएसपी गंगरार प्रभुलाल कुमावत के निर्देशन एवं एसएचओ राशमी श्यामराज सिंह के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल गोपाल लाल, कांस्टेबल रमेश विश्नोई, विनोद कुमार, दिनेश सिहाग, चतरदान, दीपक कुमार व राकेश कुमार द्वारा थाना क्षेत्र के गांव लसाडिया कला की सरहद में नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी



दौरान पहुँचा की तरफ से एक स्कॉर्पियो आती हुई नजर आई, जिसे टीम ने हाथ का ईशारा कर रुकवाने का प्रयास किया तो नाकाबन्दी तोड़ चालक गाड़ी को तेज गति से गंगापुर की तरफ भगा ले गया। पुलिस टीम ने लगातार पीछा किया, लसाडिया कला गांव में स्कॉर्पियो के आगे पुलिस की गाड़ी लगा दी। इस पर स्कोर्पियो चालक ने अपनी गाड़ी को यूटर्न कर भगाने का प्रयास किया, जिससे स्कॉर्पियो बरसाती नाले में गिर कर पलटी खा गई। जिसमे से दो व्यक्ति उतर कर अंधेरे का फायदा उठा जंगलो की तरफ भाग गए। टीम ने काफी प्रयास किया, लेकिन दोनों ही तस्कर भागने में सफल हो गए। पुलिस ने स्कॉर्पियो की तलाशी ली तो उसमें 23 प्लास्टिक के कट्टे रखे हुए थे, जिसमे कुल 440 किलो 695 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा भरा था। स्कॉर्पियो गाड़ी व अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त कर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना राशमी के कांस्टेबल विनोद कुमार व दीपक कुमार का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन ने जरूरतमंद लोगों को बांटे कम्बल और स्कूल बैग



● पदमावत मीडिया

**सलूम्बर।** राष्ट्र संत आचार्य सुनील सागरजी महाराज के आशीर्वाद प्रेरणा से लगातार चौथे वर्ष आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन, भींडर द्वारा गरीब जरूरतमंद लोगों को शीतकाल में ठंड से बचाव हेतु चल रहे अभियान के तहत गुरुवार को सेमाल पंचायत क्षेत्र के मंगरा थोरी में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किए गए। साथ ही छोटे बच्चों को स्कूल बैग और बिस्किट पैकेट वितरण किए गए। इस अवसर पर अनिल स्वर्णकार, पूर्व सरपंच मांगीलाल मीणा, भेरू शंकर चौबीसा, हीरालाल मीणा, भीमराज पटेल, पवन चौबीसा मौजूद थे। कंबल वितरण हेतु विजय सोनी उदयपुर ने आर्थिक सहयोग दिया। संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन निरंतर बस्तियों ने बच्चों को पाठ्यसामग्री, जरूरतमंद लोगों को राशन सामग्री किट, मिठाई, भोजन पैकेट, कंबल, स्वेटर वितरण कर मदद कर रहा है।

### अजमेर में आठ हजार की रिश्वत लेते पटवारी ट्रैप



● पदमावत मीडिया

**अजमेर** । एसीबी ने 8 हजार की रिश्वत लेते पटवारी को गिरफ्तार किया है। पटवारी के द्वारा शिकायतकर्ता की पैतृक कृषि भूमि का विरासत का नामांतरण खोलने की एवज में 10 हजार के रिश्वत मांगी गई थी। एसीबी के द्वारा पटवारी के कार्यालय और घर पर भी तलाशी की जा रही है। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा ने बताया कि शिकायतकर्ता की ओर से एसीबी के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दी गई थी। जिसमें उसने शिकायत देकर बताया कि तहसील सरवाड़ के पटवारी मुकेश चौधरी के द्वारा उसकी पत्रक कृषि भूमि का विरासत का नामांतरण खोलने की एवज में 10 हजार रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। एसीबी के द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायत पर सत्यापन किया गया। गुरुवार को शिकायतकर्ता को रिश्वत राशि देकर भेजा गया था। जहां एसीबी भी अजमेर की टीम ने 8 हजार की रिश्वत लेते सनोदिया तहसील सरवाड़ के पटवारी मुकेश चौधरी को गिरफ्तार किया। एसीबी के द्वारा पटवारी के कार्यालय और मकान पर भी तलाशी जारी है।

### समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्य योजना की प्रगति की समीक्षा



● पदमावत मीडिया

**जयपुर** । शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्थान पाठ्य पुस्तक मंडल के सभागार में वार्षिक कार्य योजना एवं बजट की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें उन्होंने समग्र शिक्षा स्टार्स प्रोजेक्ट, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पीएम श्री विद्यालय, वैकल्पिक एवं औपचारिक शिक्षा सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जिलेवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उपलब्ध बजट का शीघ्र आवंटन कर संबंधित विद्यालयों में समुचित उपयोग की सूचना संधारित करने पर जोर दिया। विद्यार्थियों को स्थानीय पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों का र्भ्रमण करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ.रौनक बैरागी एवं सुरेश कुमार बुनकर, वित्तीय सलाहकार सुशील शर्मा, उपायुक्त एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### आयोग ने जारी की साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची

● पदमावत मीडिया

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आरएएस मुख्य परीक्षा 2023 के फलस्वरूप साक्षात्कार के लिए अस्थाई रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त सूची में 2168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु पूर्णतः अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है। साक्षात्कार की तिथि के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को यथा समय अवगत करवा दिया जाएगा।

## राजस्थान में दिल दहला देने वाला डबल मर्डर

### पति ने पहले की पत्नी की हत्या फिर एक शख्स को उतारा मौत के घाट

● पदमावत मीडिया

**बारां।** जिले के अंता के समीप धाकड़खेड़ी गांव में एक दिल दहला देने वाले डबल मर्डर की घटना सामने आई है. देर रात एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला और एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी, जिसके बाद से आरोपी फरार है. इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. सूचना पर पहुंची अंता पुलिस ने दोनों शवों को अंता अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है. मामले को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी समेत कई अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और स्नस्रुटीम की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

**डबल मर्डर केस मामले की जांच जारी**

DYSP सोजीमल मीणा ने बताया कि अंता के धाकड़खेड़ी गांव में गणेश पारेता के घर में उसकी पत्नी रिंकी की लाश मिली. वहीं पास में ही एक युवक का भी शव मिला है. दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाया गया है. मौके से फरार गणेश पर दोनों हत्याओं का शक जताया जा रहा है. पुलिस द्वारा इस मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है. जल्द इस डबल मर्डर का खुलासा किया जाएगा।

**आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस**

वहीं कयास लगाये जा रहे हैं कि बारां के अंता थाने के धाकड़खेड़ी गांव में जो डबल मर्डर हुआ है. वहां पहले पति ने पत्नी को मौत के घाट बताया है उसके बाद में एक अन्य व्यक्ति की भी उसी व्यक्ति ने हत्या कर दी है. अब अंता पुलिस ने दोनों के शवों को मोर्चरी में रखवाया है. आरोपी पति मौके से हुआ फरार है जिसे तलाशने में अन्ता पुलिस जुटी हुई है।

## उदयपुर में मामूली बात पर बढ़ा विवाद, पथराव में दो पुलिसकर्मी घायल, आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** डबोक थाना क्षेत्र की ढावा ग्राम पंचायत के बाठेड़ा की सराय में बुधवार रात दो जनों के बीच हुई बहस झगड़े में बदल गई। झगड़े की बात गुरुवार सुबह गांव में फैली और मामला दो पक्षों के बीच विवाद का हो गया। लोगों ने पुलिस पर पत्थर फेंके और आधा दर्जन वाहनों के शीशे फोड़ दिए। पुलिस ने हुड़दंग मचाते लोगों को हिरासत में लिया। विरोध में भमरासिया घाटी क्षेत्र के बाजार बंद रहे। जानकारी के अनुसार बुधवार रात बाठेड़ा की सराय गांव में स्थानीय ट्रक ड्राइवर आजाद खान ट्रक लेकर गली से पहुंचा। प्रेमलाल गौड़ के घर के बाहर से गुजरा तो रैंप को बचाने के लिए रखे पत्थर हटाने की बात पर बहस हुई और मारपीट की नौबत आ गई। भीड़ जमा हुई तो ट्रक चालक मौके से भाग गया। ग्रामीणों का आरोप है कि आजाद ने बीच बचाव में आए प्रेमलाल के पुत्र-पुत्री से भी मारपीट की।



**हंगामा करते लोगों को किया डिटेन**

गुरुवार सुबह मकान मालिक प्रेमलाल ने रात के घटनाक्रम की रिपोर्ट पुलिस को दी। पुलिस कार्रवाई करती इससे पहले ग्रामीणों ने ट्रक चालक के घर पर तोडफ़ोड़ की कोशिश की। सूचना पर पुलिस पहुंची और माहौल शांत करवाया। तोड़फोड़ का प्रयास करने वाले युवक मौके से भाग गए। पुलिस ने कुछ युवकों को डिटेन किया है।

**बंद कराए बाजार, पहुंचे पुलिस अफसर**

घटना की सूचना पर सुबह ग्रामीणों ने भमरासिया घाटी चौराहे पर बाजार बंद करवा प्रदर्शन किया। ग्रामीण ट्रक चालक को मौके पर लाने की मांग करने लगे। ग्रामीणों व पुलिस के बीच बहस हो गई। इस दौरान डबोक, घासा, मावली, फतहनगर, वल्लभनगर, खेरोदा थानों के साथ ही पुलिस लाइन से अतिरिक्त बल तैनात रहा। खेरवाड़ा एएसपी, वल्लभनगर और मावली के डिप्टी मौके पर पहुंचे।

**इनका कहना हैं**

रात की घटना को लेकर सुबह माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो पुलिस ने समझाइश की। तोडफ़ोड़ का प्रयास करते लोगों ने पुलिस पर भी पत्थर फेंके। पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई और वाहन क्षतिग्रस्त हुआ। पुलिस पर पथराव करने वाले 12 लोगों को हिरासत में लिया। केस दर्ज किया है।

**योगेश गोयल, एसपी, उदयपुर**

## पुलिस मुख्यालय की साइबर क्राइम शाखा की पहल

### प्रदेश में साइबर अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की धर पकड़ एवं जन जागरूकता के लिए एक महीने चलेगा ऑपरेशन साइबर शील्ड

● पदमावत मीडिया

**जयपुर** । प्रदेश में संगठित साइबर समर्थित वित्तीय अपराधों के बुनियादी ढांचों से मुकाबला कर उन्हें ध्वस्त करने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा द्वारा गुरुवार से इस महीने के अंत तक ऑपरेशन साइबर शील्ड नाम से एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू के निर्देशन में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने, साइबर प्रकरणों व परिवादों के निस्तारण एवं राज्य के नागरिकों को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से राज्य मे गुरुवार 2 जनवरी से 31 जनवरी तक यह विशेष साइबर अभियान साइबर शील्ड चलाया जा रहा हैं। महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों के आपराधिक ग्राफ को दृष्टिगत रखते हुए एक महीने तक चलने वाले इस विशेष साइबर अभियान के दौरान 7 बिंदु निर्धारित किए गए हैं, जिस पर पूरे माह सतत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता के लिए समस्त पुलिस रेंज व जिलों के उच्च अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं पत्राचार के माध्यम से जारी किए जा चुके हैं।

**इन सात बिंदुओं पर करेगी पुलिस एक महीने कार्रवाई**

- साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल व 1930 की शिकायतों व परिवादों का निस्तारण करना।
- संदिग्ध सिम व आईएमईआई नम्बरों की पहचान कर ब्लॉकिंग की कार्यवाही।
- साइबर अपराधों के हॉट स्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित कर कार्यवाही करना।
- साइबर अपराध में वांछित अभियुक्तों, स्टैण्डिंग वारंटों, उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी।
- गुमशुदा व चोरी हुए मोबाइल हैड़सेटों की बरामदगी कर पीड़ितों को लौटाने की कार्यवाही।
- साइबर जागरूकता के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान।
- साइबर अपराधियों का डेटाबेस तैयार करना।

डीजीपी प्रियदर्शी ने बताया कि राज्य सरकार एवं राजस्थान पुलिस साइबर अपराधों की रोकथाम के लिये दृढ संकल्पित है। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध साइबर अपराध से संबंधित गतिविधियों की सूचना मिलने पर वे तुरंत स्थानीय पुलिस, साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन नम्बर 1930, साइबर क्राइम पोर्टल या 0141-2741322 नम्बर पर सूचना दें।

## जयपुर में देर रात बड़ा बवाल, सिख समाज के नगर कीर्तन में घुसाई थार, आक्रोशित लोगों ने किया तोड़-फोड़

● पदमावत मीडिया

**जयपुर** । आदर्श नगर इलाके में गुरुवार रात एक तेज रफ्तार थार जीप सिख समाज के नगर कीर्तन में जा घुसी. इस हादसे में एक बुजुर्ग और एक बच्चा घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और गुस्साई भीड़ ने थार जीप में तोड़फोड़ कर दी. हादसे के बाद कीर्तन में शामिल सिख समाज के लोग आदर्श नगर थाने पहुंच गए और प्रदर्शन कर ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**क्या है पूरा मामला?**

पुलिस के अनुसार गुरुवार रात सेठी कॉलोनी गुरुद्वारे से गुरु गोविंद सिंह पार्क तक नगर कीर्तन निकाला जा रहा था. रात करीब 8ः30 बजे जब कीर्तन पंचवटी सर्किल के पास पहुंचा, इस दौरान तेज रफ्तार थार जीप भीड़ के बीच घुस गई. वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने जीप को रोकने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर ने जीप नहीं रोकी।

**नाबालिग ड्राइवर हिरासत में, गाड़ी जब्त**





थाने में लोगों के विरोध के बाद पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया. जांच में पता चला कि जीप चला रहा ड्राइवर नाबालिग है और पुलिसकर्मी का बेटा बताया जा रहा है. पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जीप को जब्त कर लिया। घटना के वक्त जीप में 4 लोग सवार थे, जिनमें से तीन मौके से फरार हो गए. भीड़ के आक्रोश को देखते हुए आसपास के थानों से पुलिस बल बुलाया गया और लोगों को समझाइश कर मामला शांत करवाया गया।

**स्थानीय लोगों की मांग**

सिख समाज के लोगों ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए नाबालिग ड्राइवर और उसके साथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है. पुलिस ने घटना की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राशन डीलर पर्चियां निकालकर नहीं देता गेहूं, परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, किया हंगामा

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । कुराबड़ तहसील की कोट ग्राम पंचायत की उचित मूल्य के दुकान के राशन डीलर की ओर से ग्रामीणों को समय पर खाद्य सुरक्षा के गेहूं नहीं देने और विभिन्न अनियमितता पर गुरुवार को लोग बिफर गए। जहां ग्रामीणों ने हंगामा कर दुकान पर ताला जड़ते हुए जनसुनवाई अधिकारी कोट को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मामले की जानकारी वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी को दी तो विधायक ने तुरंत ही जिला रसद अधिकारी को जांच कर कार्रवाई के लिए कहा।

इसके बाद प्रवर्तन निरीक्षक शाम को गांव पहुंचे और ग्रामीणों के बयान लिए। ग्रामीणों ने बताया कि कोट उचित मूल्य की दुकान के राशन डीलर द्वारा दो से तीन माह तक की पर्चियां पोस मशीन से निकाल ली जाती है, लेकिन उन्हें गेहूं नहीं दिए जाते। ग्रामीण रोज उन पर्चियों को लेकर दुकान के चक्कर काटते रहते है। दो-दो माह बीत जाने के बावजूद गेहूं



नहीं मिलते। कई बार तो मना कर दिया जाता है। ऐसे में परेशान ग्रामीण जब गुरुवार को दुकान पर गेहूं लेने पहुंचे तो कुछ को मना किया तो कुछ को एक एक माह के ही गेहूं देने लगा। ऐसे में ग्रामीण उसे पर्चियां दिखाने लगे। बाद में ग्रामीण उग्र हो गए और पूरे गेहूं नहीं देने पर वजन का कांटा ही उठा ले गए और दुकान के ताला जड़ दिया। साथ ही हंगामा करते हुए रोड जाम करने पहुंच गए। ग्राम पंचायत में जनसुनवाई अधिकारी को रिपोर्ट दी। ग्रामीणों ने बताया कि डीलर कभी चरमर गांव में बुलाता है तो कभी कोट और एक लड़के को रख रखा है।

**विधायक ने लिया एक्शन**

कोट ग्राम पंचायत में राशन की समस्या और डीलर की मनमानी अनियमितता की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत एक्शन लेते हुए सीधे जिला रसद अधिकारी उदयपुर को त्वरित जांच कर कार्रवाई करने को कहा। इस पर वहां से प्रवर्तन निरीक्षक विनोद परमार को मौके पर भेजा। जो शाम को गांव पहुंचे और सभी ग्रामीणों के बयान लिए। इस दौरान ग्रामीणों ने हंगामा किया तो परमार ने उन्हें समझाते हुए एक-एक की बात सुनी और कलमबद्ध बयान लिए।

**इनका कहना है**

ग्रामीणों और विधायक की शिकायत पर कोट गांव में मौके पर जाकर 30 ग्रामीणों के बयान लिए। बताया कि डीलर शांतिलाल राव दो-दो माह की पर्चियां निकाल देता है और गेहूं देता नहीं है। आज गुरुवार को आफिस बंद हो गया है। गबन सहित पूरी रिपोर्ट शुक्रवार को बता पाऊंगा। फिलहाल डीलर को सस्पेंड कर दिया जाएगा।

**विनोद परमार,**
**प्रवर्तन निरीक्षक, रसद विभाग**

# लव यू जानू बोलकर फंसाया, डेढ़ महीने में वसूले पांच लाख, ऐसे पकड़ में आई हनीट्रैप की हसीना

● पदमावत मीडिया

**राजसमंद ।** राजसमंद में हनी ट्रैप में फंसाने वाले गिरोह का कांकरोली पुलिस ने पर्दाफ़ाश करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद बुधवार को पुलिस ने 3 महिला और एक पुरूष को और गिरफ्तार किया। अब तक पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कुल 7 जनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में 3 महिलाएं शामिल हैं। कांकरोली पुलिस थाना के थानाधिकारी हनवन्त सिंह सोढ़ा के अनुसार 30 दिसम्बर को राजसमंद निवासी एक व्यापारी ने पुलिस थाने पर रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि करीब डेढ़ महीने से शालिनी नाम की औरत बार-बार कॉल करके, मीठी-मिठी बातें करके मिलने के लिए दबाव बना रही थी। जिसके बाद युवती ने 30 दिसम्बर को एक बजे नाथद्वारा हाईवे स्थित त्रिनेत्र सर्किल पर मिलने को बुलाया। इसके बाद त्रिनेत्र सर्कल पर वो पहुंचे जहां उनकी ईनोवा कार में शालिनी आकर बैठ गई व मीठी-मीठी बातों में उलझाए रखा। इस दौरान चार अन्य युवक उनकी कार के पास आए उसमें एक युवक ने शालिनी को अपनी पत्नी बताते हुए। शालिनी के साथ व्यापारी का विडियो बनाकर उनकी इनोवा कार में बैठ गए व उनको कार के पीछे बैठा दिया। चारों युवक में से एक युवक ने इनोवा कार को ड्राइव कर नाथद्वारा से कांकरोली होते हुए मादड़ी पुलिया पर लेकर गए।

### ब्लैकमेल कर मांगे 5 लाख

वहां वीडियो व फोटो मेरे परिवार जनों को बताने व सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख की डिमांड की। जिस व्यापारी ने रूपए नहीं होने की बात कही व साथ ही रूपए की व्यवस्था के लिए समय मांगा। जिसके बाद चारों युवक व्यापारी को कांकरोली में छोड़कर ईनोवा को लूटकर ले गए व बार-बार रुपयों की मांग करते रहे। विशेष टीम का गठन करते हुए तीन आरोपी संजू उर्फ सोनू (28) पुत्र देवीदास वैष्णव निवासी देवगांव, योगेश उर्फ राजेश (22) पुत्र बंसी लाल गुर्जर निवासी देवगांव व कमलेश वैष्णव (25) पुत्र बंसी दास वैष्णव निवासी छापरी थाना गंगापुर को गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने अनुसंधान में सुनिता उर्फ शालिनी लक्षकार (48) निवासी सायरा उदयपुर व गिरोह की मुख्य सरगना जन्नत बानु उर्फ तमन्ना पत्नी रज्जाक खान निवासी चौमुखा महादेव मंदिर जल चक्की को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में जन्नत बानू, शालिनी लखारा व एक अन्य सदस्य अम्बालाल निवासी नेगडिया के साथ मिलकर हनी ट्रैप योजना करना बताया। गिरोह द्वारा कांकरोली व आसपास के क्षेत्र में रहने वाले सोने-चांदी के व्यापारी व धनवान व्यक्तियों को हनी ट्रैप करने की और वारदातें करना बताया। कांकरोली पुलिस थाना के थानाधिकारी हनवन्त सिंह सोढ़ा ने बताया कि इस गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद कांकरोली पुलिस थाने पर सोने चांदी के एक और व्यापारी ने कांकरोली पुलिस थाने में रिपोर्ट पेश की जिसमें बताया कि उनकी दुकान पर जन्नत बानू निवासी जल चक्की ज्वैलरी खरीदने को लेकर आती रहती थी। जन्नत बानू ने उनको एक मोबाइल नम्बर दिए और कहा कि यह उनकी मित्र के नम्बर है और उनको भी कुछ ज्वेलरी खरीदनी है। इससे बात कर लेना। जिसके बाद व्यापारी ने व्हाट्स कॉल के जरिए सम्पर्क किया तो महिला ने बोला कि वो उनकी दुकान पर एक दो दिन में आएगी और बहुत सारी ज्वेलरी खरीदनी है। महिला ने अपना नाम अफसाना बताया। कॉल के दौरान उन्होंने मीठी मीठी बातें करने लगी व व्हाट्स पर मैसेज भी करने लगी व व्यापारी को मिलने के लिए मादड़ी चौराहे पर मिलने के लिए बुलाया। जिसके बाद वो कार लेकर मादडी चौराहे से आगे गया तो मादडी चौराहे से आगे कच्ची सड़क पर अंग्रेजी बबूल की झाड़ियों में युवती मिली।



वो उनकी कार में आकर बैठ गई व मीठी मीठी बातें करते हुए उनके निकट आ गई। इस दौरान वहा सफेद रंग की स्विफ्ट कार आयी उसमें चार आदमी उतरे और उतरते ही विडियो चालू कर दिया व मारपीट करने लगे। इसमें से एक युवक ने अपना नाम श्रवण बताया व कहने लगा मेरी पत्नी के साथ तु रंगरेलिया मना रहा है। इसके बाद मारपीट करते हुए जंगल में लेकर गए। युवकों ने कहा कि उनके उपर पेट्रोल डालकर आग लगा देंगे। इस दौरान व्यापारी बहुत भयभीत हो गया व जेब में रखे 25 हजार रूपए अफसाना ने निकाल लिए। उसके बाद श्रवण व उनके साथ आए लोगों ने 10 लाख की डिमांड की। जिस पर व्यापारी ने रूपए नही होने की बात कही। इस दौरान उनकी गाड़ी भी छीन ली गई। और विडियो वायरल करने की धमकी देने लगे। इसके बाद व्यापारी को कांकरोली बस स्टैण्ड पर छोड़ा व कहा कि तू पैसे लेकर आना हम मोही फाटक पर खड़े है। इसके बाद व्यापारी 3 लाख पिचहत्तर रूपए लेकर मोही फाटक गया। वहां अफसाना व श्रवण सहित 3 अन्य व्यक्ति मिले जिन्होंने विडियो वायरल करने की धमकी देते हुए रूपए ले लिए और कहा कि ये किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे। बदनामी के डर से व्यापारी ने किसी को नहीं बताया। इस घटना के बाद अब ये लोग वापस सम्पर्क करने की कोशिश कर मोबाइल पर रोज वक्त बेवक्त मिस कॉल कर रहे है व इर्द गिर्द घूमकर वापस सम्पर्क करना चाह रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी श्रवण गुर्जर (30) पुत्र नारायण लाल निवासी पनोतिया नया धर थाना कुंवारिया व अफसाना खां को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का इस मामले में अनुसंधान जारी है। कांकरोली पुलिस टीम में थानाधिकारी हनवन्त सिंह सोढ़ा, एएसआई छोगालाल, जेले सिंह, हेड कांस्टेबल शक्ति सिंह, जगदीश चन्द्र, पुरण सिंह, महेन्द्र सिंह, उमा, शम्भुप्रताप सिंह, कॉन्स्टेबल सुरेश कुमार, हिम्मत सिंह, नरेन्द्र सिंह, रोशन लाल, दुर्गेश, विक्रम सिंह शामिल थे।

**पुलिस मुख्यालय में मनाया गया नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह**

## सभी पुलिसकर्मी आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करें : साहू



● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित नववर्ष स्नेह मिलन समारोह में समस्त पुलिस कर्मियों और उनके परिवार जनों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डीजीपी साहू ने साल 2024 में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम में पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए सभी पुलिसकर्मियों से नये साल में भी निष्ठापूर्वक अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने एवं प्रदेश में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का आह्वान किया। साहू ने कहा कि राजस्थान की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए तत्परता से कार्य जारी रखने की अपील करते हुए कहा कि नये साल में पुलिसकर्मी और पुलिस अधिकारी पूरे जोश और ईमानदारी से राज्य सरकार एवं विभाग द्वारा प्रदत दायित्वों को पूरा करते हुए जनता की सेवा का संकल्प लें। नव वर्ष स्नेहमिलन समारोह में महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश, हेमंत प्रियदर्शी, गोविन्द गुप्ता व संजय अग्रवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अशोक राठौड़, मालिनी अग्रवाल, स्मिता श्रीवास्तव, बिनीता ठाकुर, संजीब नार्झरी, विशाल बंसल, हवासिंह घुमरिया, बिपिन कुमार पाण्डेय, सचिन मित्तल, अनिल पालीवाल, भूपेंद्र साहू, आनंद श्रीवास्तव, डॉ. प्रशाखा माथुर, बीएल मीणा, वीके सिंह, रुपिंदर सिंघ एवं लता मनोज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण एवं पुलिस मुख्यालय में तैनात पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर आयुर्वेद चिकित्सा के विभिन्न लाभ उठाए



● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** आयुर्वेद विभाग एवं महावीर इंटरनेशनल सलूंबर के सहयोग से आयोजित 10 दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर आयुर्वेद चिकित्सा के विभिन्न लाभ उठाए। शिविर के दौरान संधिवात (आर्थराइटिस) एवं वातिक शूल (पेन मैनेजमेंट) के 25 रोगियों को विशेष आयुर्वेदिक पद्धतियों जैसे स्नेहन (तेल मालिश), स्वेदन (भाप चिकित्सा), जानू बस्ती (घुटने की उपचार पद्धति) और कटी बस्ती (कमर की उपचार पद्धति) का लाभ दिया गया। गैर-संचारी रोगों के लिए कुल 60 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इसके अतिरिक्त, 158 विभिन्न बीमारियों से ग्रसित रोगियों ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धतियों का लाभ उठाया। 10 लोगों की भगंदर, अर्श (पाइल्स), एवं परीकार्तिका (फिशर) जैसे जटिल रोगों के लिए शल्य चिकित्सा (सर्जिकल उपचार) भी की गई। शिविर का एक प्रमुख आकर्षण प्रतिदिन सुबह 8 बजे आयोजित योग अभ्यास सत्र रहा, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य लाभ बल्कि मानसिक शांति और ऊर्जा का संचार हुआ।

### शिविर का उद्देश्य

यह शिविर समाज में आयुर्वेद के प्राचीन एवं वैज्ञानिक पद्धतियों को पुनर्स्थापित करने, रोगों की रोकथाम एवं उपचार के लिए जागरूकता फैलाने और लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु आयोजित किया गया। महावीर इंटरनेशनल सलूंबर के सक्रिय सहयोग, विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सकों और प्रशिक्षित स्टाफ की मेहनत ने इस शिविर को एक अभूतपूर्व बनाया।

## माध्यमिक शिक्षा एवं प्रारंभिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा बैठक आयोजित



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्थान पाठ्य पुस्तक मंडल सभागार में माध्यमिक शिक्षा एवं प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय विद्यालयों में शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक एवं मंत्रालयिक कार्मिकों के स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कुणाल ने राजकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुदृढ करने के लिए आवश्यकता के अनुसार पद निर्धारण तथा कार्मिकों की पदोन्नति के चैनल एवं दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया। बैठक में विद्यार्थियों के नामांकन के आधार पर शिक्षकों की आवश्यकता के आधार पर स्टाफिंग पैटर्न के मानदंड निर्धारित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। महात्मा गांधी विद्यालय, विवेकानंद मॉडल विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पीएम श्री विद्यालय, पूर्व प्राथमिक/बाल वाटिका में शिक्षकों के अतिरिक्त प्रयोगशाला सहायक, पुस्तकालय अध्यक्ष, व्यायाम शिक्षक, कम्प्यूटर अनुदेशक, विशेष शिक्षक, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों की आवश्यकता पर सुझाव लिए गए। बैठक में निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट, सचिव राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मंडल मूलचंद वर्मा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विशेषाधिकारी बीके गुप्ता ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से पदों के प्रस्ताव की जानकारी दी।

## मेवाड़ प्रजापत समाज स्नेह सम्मेलन सपन्न



● पदमावत मीडिया

**मुम्बई।** श्री मेवाड़ प्रजापत कूम्हार समाज मूबई का 17 वां स्नेह सम्मेलन सेन्ट्रल पार्क एस के ग्राउंड मिरा रोड़ मे अध्यक्ष तूलसीराम प्रजापत कि अध्यक्षता मे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सपन्न हूआ। सर्वप्रथम मां श्रीयादे की आरती पुजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एक शाम श्री श्रीयादे माता जी के नाम मेवाड़ के जाने माने सुप्रसिद्ध भजन गायक जगदीश वैष्णव ने गणपति वंदना के बाद भजनों की शुरुआत की जिसमें भेरुजी माता जी बालाजी रामदेव जी के भजनों पर बढ़ चढ़ कर भजनो की अपनी मधुर आवाज में सुर सरिता बहाई दिन भर लोगों को भाव विभोर कर दिया नाचने को मजबूर कर दिया सुबह से शाम तक पंडाल खचाखच भरा रहा। स्नेह सम्मेलन मे राजस्थान अहमदाबाद सूरत इन्दौर नागपुर वापी आंणद बड़ौदा सहित आदि जगहो से भारी संख्या मे समाजजनो ने सम्मेलन हिस्सा लिया। सम्मेलन मे बाहर से आये हूए सभी अतिथियो का साफा उपरना साल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। सम्मेलन में सहयोग राशि एवं बलियो के लाभार्थी परिवारों का बहुमन किया गया। वही सम्मेलन मे अगले वर्ष के लिए कार्यक्रम की विभिन्न प्रकार की बोलिया लगाई गई जिसमे समाज के भामाशाओ ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। सफल मंच का संचालन विक्रम आदीवाल गणेश प्रजापत प्रहलाद प्रजापत द्वारा किया गया। वही सुबह 8ः00 से शाम 6ः00 तक दिन भर कार्यक्रम चला रहा जिसमें महिलाएं बच्चे हजारों की तादाद में हिस्सा लिया। आयोजन सफल बनाने में मुंबई प्रजापत समाज के तमाम कार्यकर्ता समाजजन एवं युवा सक्रिय रहे।।

**जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत लकू कालेवा में की जनसुनवाई**

## आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर राहत पहुंचाने के दिए निर्देश

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके निस्तारण के लिए माह के प्रथम गुरूवार 02 जनवरी को पंचायत समिति लसाडिया की ग्राम पंचायत लकू कालेवा में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि सभी विभागों द्वारा ग्राम पंचायत में चल रहे किसी भी प्रकार के विकास कार्य में देरी ना हो एवं आमजन से संबंधित किसी भी समस्या का निस्तारण तुरन्त अथवा निर्धारित समयावधि में हो।



उन्होने कहा कि सभी अधिकारी इस बात का भी विशेष ध्यान रखें कि ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आने वाले प्रकरण किसी भी स्थिति में उपखण्ड एवं जिला स्तर पर होने वाली जनसुनवाई में न आएं। उनका ग्राम पंचायत स्तर पर ही निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्राम पंचायत लकू कालेवा में जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक ग्रामीण की परिवेदना को तत्परता से सुनते हुए उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जनसुनवाई में 68 प्रकरण प्राप्त हुए। जिन्हें जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर, विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा, सरपंच सोहन सिंह मीणा सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 परवाह (care) दुपहिया वाहन रैली के माध्यम से दिया यातायात नियमों के प्रति दिया जागरुकता का सन्देश

● पदमावत मीडिया

**सलूम्बर।** जिले में परिवहन विभाग, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 में जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुलिया ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 01.30 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री बनवारी लाल मीणा ने




जिला कलेक्टर कार्यालय से दुपहिया वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली जिला कलेक्टर कार्यालय से निकलकर सलूम्बर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जिला कलेक्टर परिवहन कार्यालय, सलूम्बर पर समाप्त हुई। उक्त रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों की पालना करने के लिए जागरुकता सन्देश दिया गया। गुरुवार के रैली कार्यक्रम के दौरान परिवहन निरिक्षक राजेश कुमार पाठक, यातायात प्रभारी देवीदयाल सिंह उपस्थित रहे।

**एक भारत श्रेष्ठ भारत उद्देश्य को पूर्ण कर हुआ एनसीसी शिविर का समापन समारोह**

## नया साल सुख समृद्धि और संपन्नता से हो परिपूर्णः प्रो सारंगदेवोत

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पांच राज गर्ल्स एनसीसी की ओर से आयोजित बारह दिवसीय एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर का समापन समारोह नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ हुआ. भूपाल नोबल्स संस्थान के प्रांगण में कर्नल प्रो एस.एस.सारंगदेवोत, कार्यवाहक अध्यक्ष भूपाल नोबल्स संस्थान, डॉ महेंद्र सिंह राठौड़, मंत्री, मोहब्बत सिंह राठौड़, मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ शिल्पा राठौड़, डीन, फैकल्टी ऑफ सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज ने शिरकत की। मॉ सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, मेजर डॉ अनीता राठौड़ द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। साथ ही कैंप रिपोर्ट भी पढ़ी गई जिसमें शिविर में आयोजित की गई गतिविधियों का विवरण दिया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में 150 आंध्र प्रदेश व तेलंगाना निदेशालय के कैडेट्स तथा 450 राजस्थान निदेशालय के कैडेट्स ने भाग लिया,




शिविर में आयोजित सभी गतिविधियों तथा शैक्षणिक भ्रमण का व्याख्यान किया, शिविर के मुख्य उद्देश्य को पूर्ण करते हुए दोनों ही निदेशालय के कैडेट्स को एक दूसरे की कला संस्कृति वेशभूषा व खानपान आदि को साझा किया। शिविर के समापन समारोह में कैडेट्स द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर के उद्देश्य को पूर्ण करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक समारोह का मुख्य आकर्षण केंद्र आंध्र प्रदेश व तेलंगाना कैडेट्स द्वारा घूमर नृत्य तथा राजस्थानी कैडेट्स द्वारा आंध्र प्रदेश का नृत्य रहा, जिसने वहां बैठे सभी अतिथि व दर्शकों को अपनी प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया, महाराणा प्रताप की गौरव गाथा का व्याख्यान करते लोकगीत, अपने प्रदेश को दर्शाता भरतनाट्यम तथा कालबेलिया जैसे नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम दोनो प्रदेशों के लोक नृत्य की झलकियां दिखाता, उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफलता पूर्ण आयोजन के लिए सभी कैडेट्स को हार्दिक शुभकामनाएं दी, साथ ही युवाओं का आव्हान किया कि नववर्ष नई खाली किताब लेकर आया है इसके हर पन्ने को हमें अपनी उपलब्धियां से भरना है, जीवन में आगे बढ़ने के लिए कृतज्ञता का भाव, टाईम मैनेजमेंट व सकारात्मक सोच जरूरी है और यही भाव आपको जीवन में सफल बनाता है। कड़ी मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन सिंह रावत द्वारा भूपाल नोबल्स संस्थान के समस्त अधिकारी व स्टाफ को सभी तरह की मदद के लिए तह दिल से आभार व्यक्त किया गया।एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प लेकर सभी कैडेट्स को आगे बढ़ कर, उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया।

शिविर में आयोजित खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के लिए विजेता कैडेट्स को मेडल प्रदान किए गए तथा एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स, जीसीआई को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर का संचालन डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल शैलेंद्र सिंह राठौड़ के निर्देशन में हुआ।

इस अवसर पर एनसीसी समूह मुख्यालय के ट्रेनिंग ऑफिसर कर्नल अरुण प्रताप सिंह, कर्नल विपुल वया, कर्नल (सेवानिवृत्त) राजेश कुमार, कमांडर (सेवानिवृत्त) राजेंद्र कुमार, उदयपुर समूह मुख्यालय के समस्त स्टाफ, तथा कैंप का समस्त स्टाफ उपस्थित था। ये जानकारी यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह राठौड़ ने दी।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।